फा. सं. 11017/5/2020- रा.भा. (ई-20058)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राजभाषा अनुभाग

****

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 10.09.2025

**विषय : विभाग में हिंदी पखवाड़ा 2025 उद्घाटन समारोह।**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभाग में दिनांक 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2025 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसका विस्तृत कार्यक्रम अलग से जारी किया जा रहा है।

2. इस वर्ष हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह भव्य रूप में **दिनांक 17.09.2025** को आयोजित किया जा रहा है। यह समारोह कांस्टीट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर एनैक्सी हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता सचिव महोदय स्वयं करेंगे। समारोह में CBC के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे तथा नाट्य मंचन भी होगा। कार्यक्रम का विवरण इस प्रकार रहेगा:-

1. सचिव महोदय व उपस्थित अधिकारीगणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन
2. सचिव महोदय द्वारा माननीय मंत्री जी के संदेश को पढ़ा जाना
3. सरस्वती वंदना, समूहगान की प्रस्तुति
4. नाट्य मंचन
5. अंत में राष्ट्रगान के साथ समापन

**3. विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वे दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को प्रात: 10.00 बजे तक कांस्टीट्यूशन क्लब के डिप्टी स्पीकर एनैक्सी हाल में पहुंच कर स्थान ग्रहण कर लें।**

**4. कार्यक्रम समाप्ति के बाद विभाग के सभी कार्मिकों के लिए लंच की व्यवस्था भी की गई है।**

**•नोट: सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस पत्र का भरपूर प्रचार-प्रसार करें और नियत तिथि और समय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।**

स्वाति 10/9/25.

(स्वाति मेल्टी)

उप-निदेशक (रा.भा.)

वितरण:-

1. विभाग के सभी अधिकारी/ कर्मचारी

सूचनार्थ:-

1. सचिव (एएचडी) के प्रधान निजी सचिव
2. संयुक्त सचिव (राजभाषा) के निजी सचिव